आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

मुख्य समाचार''

- रोशनी का पर्व दीपावली कल– राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं।
- मुख्यमंत्री ने बाल आश्रम टूटीकंडी का दौरा कर बच्चों के साथ आज मनाई दीपावली– बाल आश्रमों के बच्चों के लिए हर साल 14 नवम्बर को खेल दिवस आयोजित करने का किया ऐलान।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– कठिन परिस्थितियों के बावजूद सेब का हुआ सफल विपणन– 2 करोड़ 71 लाख से अधिक सेब पेटियां मंडियों में पहुंचीं।

और

- जनजातीय क्षेत्रों में पिछले अढ़ाई वर्षों में विकास योजनाओं पर 3 हज़ार करोड़ रूपए का निवेश– वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम में 75 सीमांत बस्तियों के लिए बनी विकास योजनाएं।

...........

दीपावली

कल दीपावली है। इसे लेकर प्रदेश के बाजारों में आज खूब रौनक देखने को मिली और लोगों ने मिट्ठाईयों, उपहारों और अन्य वस्तुओं की जमकर खरीददारी की। प्रदेशभर में आज छोटी दिवाली मनाई जा रही है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि ये त्योहार अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की जीत का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में लोगों से शांति, सौहार्द और एकता का संदेश फैलाने का आह्वान किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये त्योहार हर घर में खुशियां , उमंग और समृद्धि लेकर आयेगा।

*प्रदेशवासियों को दीपावली की बहुत–बहुत शुभकामनायें। प्रदेशभर में दीपावली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। प्रत्येक परिवार के घर में खुशियां बाए। हिमाचलवासियों के लिए दीपावली का उत्सव खुशियों भरा हो।*

टूटीकंडी दिवाली

इस बीच, मुख्यमंत्री ने आज शिमला के टूटीकंडी स्थित बाल आश्रम का दौरा कर यहां रहने वाले बच्चों के साथ दिवाली मनाई। उन्होंने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि सरकार ने अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा दिया है और ऐसे बच्चों की शिक्षा का सारा

खर्च राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा अनाथ बच्चों को हर महीने 4 हज़ार रूपए की पॉकेट मनी भी प्रदान की जा रही है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बाल आश्रमों के बच्चों के लिए हर साल 14 नवम्बर को खेल दिवस का आयोजन करने का ऐलान भी किया जिसके लिए राज्य सरकार बजट का प्रावधान करेगी।

इस मौके पर बाल आश्रम के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया और मिट्टी के दीये जलाए।

अतिरिक्त बस

हिमाचल पथ परिवहन निगम त्योहारी सीजन के मद्देनजर बाहरी राज्यों से त्यौहार मनाने लौट रहे प्रदेश के लोगों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बस सेवाएं संचालित कर रहा हैं। प्रदेश के विभिन्न स्थानों के लिए ये अतिरिक्त बसें अपनी सेवाएं दे रही हैं।

अग्निशमन विभाग ने इस मौके पर लोगों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए पटाखे खुली जगह पर चलाने की अपील की है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने भी प्रदेशवासियों से मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा के प्रति विशेष सर्तकता बरतने को कहा है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में जुब्बल क्षेत्र की कोट काईना पंचायत में 22 लाख रूपए से बने पंचायत भवन मगावटा और काईना में 33 लाख रूपए से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जुब्बल कोटखाई क्षेत्र में पिछले लगभग 3 वर्षों में उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं और एक सौ 41 सड़कें पास हुई हैं। रोहित ठाकुर ने बताया कि प्रदेश में भारी वर्षा से 6 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान हुआ है और इसमें से सड़कों को 3 हज़ार करोड़ रूपए की क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद सेब का सफल विपणन किया गया और अभी तक 2 करोड़ 71 लाख से अधिक सेब पेटियां मंडियों में पहुंची हैं।

जगत सिंह नेगी

जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज भरमौर क्षेत्र की लेच पंचायत में विकास कार्यों का जायज़ा लिया और लोगों की समस्याएं भी सुनीं। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि भरमौर के गैर जनजातीय क्षेत्रों का भी सर्वांगीण विकास किया जाएगा। नेगी ने बताया कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग चम्बा–भरमौर को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं। जगत सिंह नेगी ने कहा कि मणिमहेश यात्रा के स्वरूप को बेहतर कर इसे यात्रियों के लिए अधिक सुगम बनाया जाएगा। उन्होंने इलाके में विभिन्न विकास कार्यों के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाया।

जीएसटी लाभार्थी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जी.एस.टी. बचत उत्सव का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अगली पीढ़ी के लिए जी.एस.टी. सुधारों को फायदेमंद बताया है। कुल्लू और चंबा में व्यापारियों ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि जी.एस.टी कम होने से इस त्यौहारी सीजन में उनके व्यवसाय में बढोतरी होने से वे काफी उत्साहित है।

*अभी त्योहार का सीजन चला हुआ है। मैं चंबा की निवासी हूं। मेरी खुद की ज्वेलरी की शॉप है। हमारी आर्टिफिशियल ज्वेलरी की शॉप है और अभी जो जीएसट 12 से घटाकर 5 प्रतिशत कम हुआ है। उसके बज्ह से हमारे ग्राहक ऐसे तो आते रहतें है लेकिन इसकी बज्ह से हमारे ग्राहक बड़े हैं। इसके लिए मैं केंन्द्र सरकार का धन्यवाद करती हूं कि ऐसी ऐसी स्कीम हमें देते रहे ताकि हमारा जो व्यापार है वो दिन रात चौगुनी उन्नति करे।*

*मैं अजय कुमार चंबा से। हमारी जो शॉप है जो जीएसटी की दर घटी है। उससे लोगों को काफी फायदा हुआ है। लोग भारी संख्या में आ रहे हैं और परचेज कर रहें है। अच्छी खासी परचेज कर रहें है जिससे जीएसटी दर जो ब्लैंकेट, रजाईयों पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत था वो अब घटकर 5ः हो गया है इससे लोगों को काफी फायदा हुआ है। मैं केंद्र सरकार का धन्यावाद करना चाहता हूं जिन्होंने जीएसटी दर कम किया है।*

जनजातीय विकास

प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में विकास कार्यों पर पिछले अढ़ाई वर्षों में 3 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक का निवेश कर विकास को गति प्रदान की गई है। इसके माध्यम से 35 हज़ार से अधिक जनजातीय परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। केन्द्र सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत किन्नौर व लाहौल स्पीति ज़िले में 75 सीमांत बस्तियों के लिए विकास योजनाएं तैयार की गई हैं और इन गांवों में कनेक्टिविटी, आवास व सामुदायिक संपत्तियों पर काम शुरू हो चुका है।

रोजगार मेला

देशभर में 24 अक्तूबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नव नियुक्त युवाओं को संबोधित करेंगे। इधर शिमला स्थित आलू अनुसंधान केन्द्र में भी रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले के दौरान विभिन्न विभागों में नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे। इससे पहले देश में इस तरह के 16 रोजगार मेलों का आयोजन किया जा चुका है, जो रोज़गार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक पहल है। देशभर में रोज़गार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। ये नियुक्तियां केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हो रही हैं।

शिमला पटाखे

शिमला ज़िले में दिवाली के दौरान पटाखे चलाने का समय रात 8 से 10 बजे तक तय किया गया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि इस दौरान केवल हरित पटाखों के उपयोग की ही

अनुमति होगी। उन्होंने शिमला के पुलिस अधीक्षक और ज़िले के सभी उपमण्डल दण्डाधिकारियों को इस आदेश की अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा है।

इसरो–चंद्रयान–2

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने एक ऐतिहासिक वैज्ञानिक सफलता के रूप में घोषणा की है कि उसके चंद्रयान–2 ने अपने वैज्ञानिक उपकरण का उपयोग करके सूर्य से निकलने वाले कोरोनल मास इजेक्शन के चंद्रमा पर पड़ने वाले प्रभावों का पहली बार अवलोकन किया है। इस अवलोकन से चंद्रमा के बाह्यमंडल और पतले वायुमंडल व उसकी सतह पर अंतरिक्ष मौसम के प्रभाव को समझने में मदद मिलेगी।

नमस्कार।